आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 16.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड का हर क्षेत्र सुगम, सशक्त और समृद्ध बने।
- मुख्यमंत्री ने खटीमा में 215 फीट ऊँचे एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया। कहा– सरकार का उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्रों में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।
- राजधानी देहरादून के ओएनजीसी मैदान में लोक संस्कृति व शास्त्रीय संगीत पर आधारित 'विरासत' की धूम।

सीएम शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड का हर क्षेत्र सुगम, सशक्त और समृद्ध बने। विकास की हर परियोजना जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। वे ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा–मेलाघाट राज्य मार्ग संख्या–107 के शिलान्यास अवसर पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सड़क केवल खटीमा क्षेत्र के विकास की धुरी नहीं है, बल्कि भारत–नेपाल सीमावर्ती संपर्क का भी महत्वपूर्ण मार्ग है। इस सड़क के सुधारीकरण से खटीमा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को न केवल सुगम यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि सीमावर्ती व्यापार, पर्यटन और शिक्षा से जुड़े अवसरों को भी नई दिशा मिलेगी।

इससे पहले, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज खटीमा से 09 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एम्बुलेंस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह मोबाइल यूनिट पहाड़ी अंचलों के लोगों को उनके घर–आंगन तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य व्यवस्था को और सशक्त बनाएगी।

श्री पशुपतिनाथ मंदिर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर के खटीमा में 215 फीट ऊँचे एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि यह भव्य राष्ट्रीय ध्वज न केवल सीमांत नगर की नई पहचान बनेगा, बल्कि क्षेत्रवासियों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की नई ज्योति प्रज्वलित करेगा।

इस बीच, श्री धामी ने खटीमा स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। श्री पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक धरोहर ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पवित्र स्थलों के संरक्षण और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है।

## उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

आगामी 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सात नवंबर को हल्द्वानी में 'उत्तराखंड की शान– वीर जवान, समृद्ध नारी, सशक्त किसान' थीम पर आधारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री जोशी ने अधिकारियों को सभी विभागीय तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्षगांठ प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को प्रदर्शित करेगा, विशेष रूप से कृषि, ग्राम्य विकास तथा सैनिक कल्याण के क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों को व्यापक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

## क्रिटिकल केयर सेंटर

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। बागेश्वर जिले में पत्रकारों से बातचीत में डॉ. रावत ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि पहाड़ी क्षेत्रों में भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं हर व्यक्ति तक पहुँचे।

## विरासत

राजधानी देहरादून के ओएनजीसी मैदान में लोक संस्कृति और शास्त्रीय संगीत पर आधारित 'विरासत' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश के कई नामचीन संस्कृति कर्मी, शास्त्रीय गायक और संगीतकार भाग ले रहे हैं। इस महोत्सव में सूफी, हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत के साथ ही भरतनाट्यम और कथक नृत्य की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसके साथ ही 'विरासत' में देशभर के पारंपरिक हस्तशिल्प भी प्रदर्शित किए गए हैं। मुरादाबाद से आए हस्तशिल्प कारीगर राजा ने बताया कि मेले में पूजा से संबंधित उत्पादों की खूब बिक्री हो रही है।

पौड़ी गढ़वाल की एक महिला व्यवसायी कनिका का कहना है कि 'विरासत' जैसे आयोजन नए व्यवसायियों और कारीगरों के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं।

## ग्रामोत्थान परियोजना

पौड़ी जिले के विकासखण्ड खिर्सू के ग्राम चमराडा की महिलाओं ने गाय के गोबर से आजीविका की नयी राह खोज निकाली है। ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत भूमि स्वायत्त सहकारिता की ओर से समूह के सदस्यों से 20 रुपये प्रति किलो की दर से सूखा गोबर खरीदा जा रहा है। महिलाओं को इस इकाई में 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल रही है, जिससे उनके घरों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। ग्रामोत्थन परियोजना अधिकारी कुलदीप बिष्ट ने बताया कि ग्राम चमराडा में स्थापित यह यूनिट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक सफल प्रयास है। श्री बिष्ट ने बताया कि गाय के गोबर से धूपबत्ती, दीपक और साम्ब्रानी कप जैसे उत्पाद तैयार कर महिलाएं न केवल स्वावलंबन की ओर अग्रसर हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही हैं।

सहकारिता से जुड़ी महिला सदस्य गौरी देवी बताती हैं कि पहले गांव में गोबर बेकार जाता था, अब यही उनकी रोज़ी–रोटी का साधन बन गया है।

संक्षिप्त समाचार———

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत युवा नेता संवाद क्विज—2026 की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने बताया कि माई भारत पोर्टल के माध्यम से 20 लाख से अधिक युवा प्रतिभागी इस क्विज में भाग ले चुके हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर कल राजधानी देहरादून में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह में भाग लेंगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आज जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया।

आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र नागरिकों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावटखोरी रोकने के उद्देश्य से प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।